यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू पहले दिन आठ नकलची पकड़े

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गयी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने इसी के दृष्टिगत देहरादून क्षेत्र के दो संस्थानों, जेबीआईटी कॉलेज में बी.टैक व जागरूण स्कूल ऑफ लॉ कालेज में आयोजित विधि पाठ्यक्रम की परीक्षाओं के संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में जा कर परीक्षा की बारीकियों को परखते हुए केन्द्र अधीक्षकों व विश्वविद्यालय पर्यवेक्षकों को पारदर्शिता के साथ परीक्षा आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये।

विश्वविद्यालय की पहले दिन आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज रुड़की के सात 7 और फोनिक्स कॉलेज का एक, कुल आठ परीक्षार्थियों को उड़नदस्ते की टीम द्वारा नकल करते हुए पकड़ा गया है।

कुलपति ने विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों व संबंधित संस्थान निदेशकों और विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को परीक्षाओं को पूर्ण रूप से पारदर्शिता के साथ संचालित/सम्पादित कराये जाने के निर्देश दिये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में परीक्षाओं के सफल संचालन व संपादन में निगरानी के लिए उड़नदस्ते की टीमें गठित की गयी हैं।